आईआईएम के टेडेक्स में आज जुटेंगे प्रख्यात वक्ता

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची टेडेक्स के आठवें संस्करण का आयोजन रविवार को होगा। सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के वक्ता जुट रहे हैं, जिन्होंने सामाजिक सक्रियता, उद्यमिता, खेल, प्रौद्योगिकी, मीडिया, कला और सार्वजनिक जीवन कई क्षेत्रों में कामयाबी हासिल कर अपनी पहचान बनाई है।

इस बार टेडेक्स की थीम उत्प्रेरक परिवर्तन है, जिसके तहत संभावनाओं का बहुरूपदर्शक विषय पर तमाम वक्ता विकल्पों और अवसरों की असंख्य खोज के संदर्भ में चर्चा करेंगे। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक चलेगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के आठ वक्ताओं को सुना जा सकेगा। हर वक्ता के लिए 18 मिनट की अवधि निर्धारित है। जो वक्ता इसमें हिस्सा ले रहे हैं, उनमें न्यूरो साइंटिस्ट अभिजीत नास्कर, विशिष्ट सेना मेडल से सम्मानित कर्नल प्रबीर सेनगुप्ता, उद्यमी और निवेशक फरहाद एसिडवाला, आईएएस अधिकारी हर्षिका सिंह, लेखिका और फिल्म निर्देशक पाखी टायरवाला, मारस्टर शेफ सीजन-1 विजेता पंकज भदोरिया, उद्योगपति राज शमानी और एजुकेशन प्रतिभा के सीईओ सुप्रिया सिन्हा शामिल हैं। टेडेक्स को विश्वस्तर पर लाइव वेबकास्ट भी किया जाएगा।

कार्यक्रम

- कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक संचालित किया जाएगा
- विभिन्न क्षेत्रों के आठ वक्ताओं को सुनने का मौका छात्र-छात्राओं को मिलेगा
- टेडेक्स को विश्वस्तर पर लाइव वेबकास्ट किया जाएगा, विद्यार्थियों में उत्साह

Hindustan, 10.03.2019, Pg. 25